# सीवरेज नाले ब्लॉक, पहली ही बरसात में भीलवाड़ा शहर की कई बस्तियां जलमग्न

## कई घरों में बारिश का पानी घुस जाने से आमजन को काफी नुकसान भी हुआ है

**भीलवाड़ा,** (निसं.)। नगर परिषद द्वारा मानसून सीजन से पहले सभी सीवरेज नालों की सफाई और बारिश को लेकर किए गए कार्यों की पोल एक ही दिन की बारिश में खुल गई है। शनिवार को जिला मुख्यालय पर हुई अच्छी बारिश के बाद शहर की कई कॉलोनियों जलमग्न हो गई है इसके साथ ही कई सीवरेज नाले ब्लॉक होने से उनका पानी भी सडकों पर भर गया है। यह हालात भीलवाडा शहर के कई हिस्सों में देखने को मिल रहे हैं।

इस जलमग्न स्थिति के बाद अब लोगों का आक्रोश भी साफ तौर पर दिख रहा है। कई घरों में बारिश का पानी घुस जाने से आमजन को काफी नुकसान भी हुआ है। भीलवाडा शहर के बसंत विहार, विजय सिंह पथिक नगर व बस स्टैंड रोड पर जलभराव की स्थिति भयंकर रूप ले चुकी है। सबसे बडी बात यह है कि इन सडकों पर कई गड्ढे भी खोद कर रखे हैं, जिन्हें भरा नहीं गया है। ऐसे में अब वाहन चालक और पैदल चलने वाले लोग भी इन सडकों पर चलने से डर रहे हैं और यह हादसे के सबक भी बने हुए हैं।

आपको बता दें कि शनिवार की दोपहर भीलवाड़ा शहर में बारिश का दौर शुरू हुआ। एक ही दिन में हुई इतनी बारिश के चलते शहर के मोहल्लों में करीब 3 से 4 फीट पानी भर गया है और यह लोगों के घरों में घुस गया। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि मोहल्लों में बनाई गई सडकें बेतरतीब तरीके से बनाई गई है। इसके साथ ही यहां के सीवरेज नालों की सफाई भी सही नहीं हुई है। इस कारण से बारिश में यह स्थिति उत्पन्न हो गई है।

इसके अलावा भीलवाडा शहर के कई हिस्सों से रेलवे पटरी के अंडर ब्रिज भी निकल रहे हैं। इन अंडर ब्रिज में भी पानी भर जाने से लोगों को उन्हें पार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की छिपा बिल्डिंग, वीर सावरकर चौक, पुर रोड, कॉलेज मार्ग सहित कई इलाकों में सडकों पर पानी भर गया है वही सीवरेज के कार्य के चलते गंगापुर चौराहे पर एक तरफा मार्ग होने से यातायात प्रभावित हुआ है, आजाद चौक इलाके में कई दुकानों में पानी घुस गया दुकानदारों का आरोप है कि नगर परिषद की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है ऐसे में दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। नेहरू रोड पर तेज अंधड के साथ उडे टीन टप्पर के कारण एक कार के शीशे भी टूट गए जबकि सब्जी मंडी में एक पेड़ धराशाई हो गया तेज हवाओं के चलते कई दिन तक पर और बोर्डिंग भी उड गए।

उधर गांधीनगर स्थित बसंत विहार कॉलोनी में बरसाती नाले को बंद कर देने से कई मकानों में पानी भर गया है और लोग मकानों में कैद होकर रह गए हैं यहां रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनके मकान के बाहर 5 फीट तक पानी भरा हुआ है इससे घर के बाहर नहीं निकला जा सकतासडक पर खडे कुछ वाहनों के भी डूबने की खबर है। पानी भरने की सूचना पर आयुक्त दुर्गा कुमारी और सभापति राकेश पाठक भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।



भीलवाड़ा में बरसात के दौरान टीप टप्पर गिर गए।

# राजकीय सम्मान के साथ सैनिक राठौड़ का अंतिम संस्कार

## अंतिम दर्शन करने के लिए भीड़ उमड़ी


शहीद को विधायक बुडानिया सहित कई नेताओं ने पुष्पचक्र भेंट किए।

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर तहसील के गांव तोगावास में भारतीय सेना के जाबाज सिपाही शहीद कुम्भकर्ण सिंह राठौड़ का पार्थिव शरीर शनिवार सुबह करीब 11 बजे उनके गांव पहुंचा। शहीद का शव जैसे उसके घर लाया गया। वहां मौजूद हर एक की आंख नम हो गयी।

गांव के लाडले को खोने का दर्द साफ झलक रहा था। शव के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की उमड़ पडी। जब तक सूरज चांद रहेगा कुंभकर्ण सिंह तेरा नाम रहेगा...के नारे तथा भारत मां के जयकारों से इलाका गूंज उठा। इसके बाद सेना के जवानों की मौजूदगी में पार्थिव शरीर बक्से के साथ मुक्तिधाम लाया गया। जहां सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शहीद की पार्थिव देह को उनके भतीजे विजेन्द्र सिंह ने मुखाग्नि दी। गांव के लोगों ने बताया कि तोगावास निवासी गुलाब सिंह राठौड़ के पुत्र कुंभकर्ण सिंह उम्र 28 साल भारतीय सेना में 27वीं राजपूत रेजिमेंट के जवान थे। गुरुवार को शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) में ड्यूटी के दौरान कुंभकरण सिंह शहीद हो गये।

वर्ष 2013 में सेना में राठौड़ भर्ती हुआ था। वे लांस नायक के पद पर कार्यरत थे। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। उनके चार साल की बेटी और दस माह बेटा है। इधर जवान को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने पत्र के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, तारानगर पंचायत समिति संजय कस्वां, एसडीएम प्रभजोत गिल, डीएसपी ओमप्रकाश गोदारा, राकेश जांगिड़, निर्मल प्रजापत, वीर बहादुरसिंह राठौड़ सहित हजारों लोग मौजूद थे।

# पर्यटकों के लिए चम्बल रिवर फ्रंट नायाब तोहफा होगा: धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने चम्बल रिवर फ्रंट सहित शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने चम्बल में बोट में बैठकर रिवर फ्रंट के प्रत्येक घाट का बारिकी से अवलोकन कर फसाड़ कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश दिये। स्वायत्त शासन मंत्री ने चम्बल रिवर फ्रंट से निरीक्षण कार्य की शुरूआत करते हुए सभी घाटों के आधारभूत निर्माण कार्यों की अधिकारियों से जानकारी ली।

■ स्वायत्त शासन मंत्री ने चम्बल नदी में बोट में बैठकर रिवर फ्रंट के दोनों किनारों के प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण किया


स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने चम्बल रिवर फ्रंट के कार्यों का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि वर्षा के समय चम्बल में पानी की आवक से पहले घाटों की सिढ़ियों एवं नदी के पास वाले कार्यों को गुणवत्ता से पूरा कराया जावें। उन्होंने प्रत्येक घाट के मूल स्ट्रेक्चर के कार्य पूरा होने के साथ ही फसाड़ एवं सौन्दर्यकरण कार्य को भी हाथ में लेकर निरन्तर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैराज गार्डन, चम्बल माता की मूर्ति से लेकर सिंह घाट तक हो चुके निर्माण कार्य का निरीक्षण कर शेष कार्य को निर्धारित समय में पूरा कराने के लिए संशाधन बढ़ाने के निर्देश दिये।

स्वायत्त शासन मंत्री ने चम्बल नदी में बोट में बैठकर रिवर फ्रंट के दोनों किनारों के प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने फ्रंट के प्रवेश द्वार, मन्दिर घाट, जवाहर घाट, सिंह घाट, संस्कृति घाट सहित सभी घाटों के निर्माण कार्य के लिए बनाये गये स्ट्रेक्चर के पूर्ण हो चुके कार्य का निरीक्षण कर फसाड़ कार्य के लिए निर्धारित समय तक कार्य पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जहां भी मूल स्ट्रेक्चर कार्य पूरा किया जा चुका है वहां फसाड़ एवं सौन्दर्यकरण कार्य को गति प्रदान की जावे। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए कार्य की गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जावे।

स्वायत्त शासन मंत्री ने कहा कि देश-दुनियां के पर्यटकों के लिए चम्बल रिवर फ्रंट नायाब तोहफा होगा इसकी निर्माण शैली एवं डिजाइन अतुलनीय है इससे देशने दुनियाभर के पर्यटक आकर्षित होंगे जिससे कोटा में रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रिवर फ्रंट बनने के बाद चम्बल नदी शुद्ध होगी तथा बाढ़ से होने वाले नुकसान को भी रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसमें आधुनिकता एवं पुरातन संस्कृति जो संगम किया गया वह किसी भी रिवर फ्रंट में देखने को नहीं मिलेगा।

स्वायत्त शासन मंत्री ने घोड़े वाला सर्किल, एरोड्रम सर्किल एवं किशोर सागर की पाल पर निर्माणाधीन जालिमसिंह की हवेली के कार्य का भी निरीक्षण किया तथा शेष कार्य गति के साथ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जालिमसिंह की हवेली के नक्कासी एवं फसाड़ कार्य को सितम्बर माह तक पूरा कराने का लक्ष्य देते हुए निरन्तर कार्य को गति देने क बात कही। इस दौरान नगर विकास न्यास के विशेषाधिकारी आरडी मीना, सचिव राजेश जोशी, अति. मुख्य अभियंता ओपी वर्मा सहित सबन्धित अभियंता उपस्थित रहे।

# युवक ने पेड़ पर फंदा लगाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के चूनावढ़ थाना क्षेत्र के 13 एलएनपी रोही ठाकरांवाली में शुक्रवार को एक दिहाड़ी मजदूर सुनसान जगह पर पेड़ से बने फंदे पर लटकता मिला। एक राहगीर ने पेड़ पर शव देखा तो उसने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। इस पर लोग मौके पर पहुंचे और युवक की पहचान की। दिहाड़ी मजदूर पास ही इलाके का रहने वाला होने के कारण लोगों ने उसी समय उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने मजदूर की पहचान कर ली।

परिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा रमेश कुमार गांव में उसके घर के ही एक हिस्से में पत्नी के साथ रहता है। दो-तीन दिन पहले उसकी पत्नी पीहर चली गई थी। तब से वह अकेला ही था। इस दौरान दो दिन पहले वह घर से गायब हो गया। उसकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच गांव तेरह एलएनपी रोही में वह पेड़ पर लटका मिला।

# आमजन भ्रामक खबरों व अफवाहों से बचें: शर्मा

**राजसमंद,** (निसं)। कुम्भलगढ़ डीवाईएसपी ने अग्निपथ सेना भर्ती को लेकर चल रही भ्रामक अफवाहों से आमजन को दूर रहने की अपील की है। जिसके चलते देश, राज्य अपने गांव, शहर में अशांति का माहौल न बनें। आमजन इन जैसी किसी भी तरह की बातों में ना आकर शांति सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी अफवाहों से बचने के साथ ही इन भ्रामक खबरों, अफवाहों के खिलाफ आप नजदीकी थाने में, थाने के एसएचओ, एरिया सीओ, कंट्रोल रूम एयातायात प्रभारी तथा पुलिस, वभाग से संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित करते हुए। अपने गांव शहर आदि में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस की सहायता एवं सहयोग करें।

**जिला मुख्यालय पर निकाला फ्लेग मार्च :-** सेना में भर्ती अग्निपथ योजना को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन तथा भ्रामक खबरों एवं अफवाहों के चलते आगजनी, तोडफोड जैसी अन्य तरह की देश विरोधी गतिविधियों की रोकथाम एवं शांति व्यवस्था बनाए रखे जाने को लेकर शनिवार शाम को राजनगर थाना क्षेत्र से पुलिस प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें डीसपी बेनीप्रसाद मीणा, राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह चौहान, लक्ष्मणराम विश्नोई सहि पुलिस जवान सदे कदमों के साथ शांति व्यवस्था का संदेश दिया। फ्लैग मार्च राजनगर थाना क्षेत्र के फव्वारा चौक से प्रारंभ होकर, सदर बाजार, दाणी चबूतरा, कलाल वाटी, किशोर नगर, पुरानी कलेक्ट्रेक्ट, पीर बावजी, जलचक्की तिराहा, पुराना बस स्टेण्ड, मुख्य चौपाटी आदि मुख्य मार्गों से होता हुआ निकला।


कुम्भलगढ़ में डीवाईएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

# 4100 भूमिहिनों के लिए प्रधानमंत्री आवास देने की प्रक्रिया शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में भूमिहीन 4100 लाभार्थियों के लिए भूमि तलाशने की कवायद सीईओ मोहम्मद जुनैद ने शुरू करते हुए राजस्व अधिकारियों के साथ अनूपगढ़ पंचायत समिति हाल में बैठक आयोजित की।

■ गंगानगर में भूमिहीनों को प्रधानमंत्री आवास के लिए नरेगा स्थल पर सीईओ मो. जुनैद ने जानकारी ली

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जुनैद ने अवगत करवाया कि ग्राम विकास अधिकारी को पटवारी से समन्वय स्थापित कर 20 तारीख को अपनी पंचायत में चौपाल आयोजित कर अथिक से अधिक भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाये। इसके लिए सरपंच अपनी पंचायत के बुद्धिजीवी वर्ग या भामाशाह से भी सम्पर्क कर ऐसे परिवारों को भूमि दिलाने के लिए आगे लाने का प्रयास करें ताकि जरूरतमंद को आवास मिल सकें। उन्होंने बताया कि जिले में भूमिहीन परिवारों की संख्या 4100 है, जिनमें से 965 भूमिहीन लाभार्थी अकेले अनूपगढ़ क्षेत्र में निवास करते हैं।

इन्हें सरकार की आवास योजनान्तर्गत पक्के मकान की आस है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपखण्ड अधिकारी अनूपगढ प्रियंका पिलानिया के साथ बैठक के दौरान चर्चा की कि जहां-जहां राज रकबा है, वहां-वहां नियमानुसार आबादी भूमि में कन्वर्ट के प्रयास किये जायें ताकि ऐसे भूमिहीन परिवारों के भी आवास के सपने पूरे हो सकें। सीईओ जुनैद द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत नरेगा कार्यों का भी ग्राम पंचायत 12 ए बी में निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत 11/12 एनडी नाहरांवाली में निरीक्षण के दौरान वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संतुलित रखने का भी संदेश दिया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ एसीईओ वैभव अरोडा, विकास अधिकारी, अनूपगढ़ सहायक अभियंता श्री हरि कृष्ण सिहाग, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी एव पंचायत समिति स्टाफ मौजूद रहे।

# जेईएन महिला का शव मिला

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम की जेइएन का शव शनिवार की दोपहर में कायलाना झील में मिला। वह सुबह नौ बजे अपने घर से निकली थी। कार सिद्धनाथ रोड पहाड़ी के पास में पार्क की हुई मिली। गाड़ी के नंबर के आधार पर उनकी पहचान की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कार्रवाई के लिए एमडीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक महिला का शव बाहर निकाला। मृतका की पहचान जोधपुर डिस्कॉम की जेइएन वंदना पुत्री विजय स्वरूप शर्मा के रूप में हुई। शव को पहचान के लिए 17 वर्षीय पुत्री वहां पहुंची और अपनी मां के रूप में पहचान की।

# युवक के किडनैप की घटना कैमरे में कैद

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बाइक पर आये लोग फिल्मी स्टाइल में युवक को कुछ ही मिनटों में स्कॉर्पियो में डालकर किडनैप कर ले गए। युवक ने 7 महीने पहले ही लव मैरिज की थी। आरोप है कि युवती के घरवालों ने ही युवक को किडनैप किया है। मामला हनुमानगढ़ के जंक्शन का 16 जून का है। यह घटना वहां लगे कैमरे में कैद हो गई। शनिवार को इसका वीडियो सामने आया है। कालूराम (55) पुत्र देवीलाल निवासी वार्ड 5 खीलेरी बास फतेहगढ़ ने जंक्शन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस को बताया कि उसका 22 साल का बेटा अजय चिस्तीया में शराब ठेके पर काम करता था।

15 जून को उसका बेटा शराब ठेकेदार से बुलेट मांग कर लाया था, जिसे लौटाने के लिए 16 जून की शाम करीब 5 बजे जंक्शन गया था। जहां शराब ठेकेदार को बाइक देने के लिए जैसे ही ओवरब्रिज के पास रुका तो 3 बाइक पर आए लोग उसका किडनैप कर स्कॉर्पियो में ले गए। युवक के पिता ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि उसके बेटे ने नवम्बर 2021 में लव मैरिज की थी, जिसके बाद से ही लड़की के परिजन उससे रंजिश रखने लगे थे। इसके चलते ही लड़की के परिजनों ने अजय का किडनैप कर लिया।

उन्होंने मुकेश पुत्र फताराम, विनोद पुत्र फताराम, राजेन्द्र पुत्र फताराम निवासी 24 एसएसडब्लूयू, राजेन्द्र पुत्र दयाराम छिम्पा निवासी भागसर, किरसन पुत्र चन्दूराम छिम्पा निवासी दीपलाना, सुरेन्द्र पुत्र कृष्ण लाल निवासी दीपलाना और अन्य व्यक्तियों पर किडनैपिंग का आरोप लगाया है। युवक अजय शराब के ठेके पर काम करता है और ठेकेदार की बाइक लौटाने जंक्शन गया था। अजय की पत्नी रेखा ने बताया कि लव मैरिज के बाद से उसके परिजन दोनों को जान से मारने की धमकी देते थे। उसने बताया कि वीडियो फुटेज में मेरे पिता ही है। मेरे परिजन मेरे पति को मार भी सकते हैं। रेखा ने बताया कि उसके पति को गायब हुए 2 दिन हो गए हैं, लेकिन उनकी कोई जानकारी नहीं मिली है।

# यूपी के 4 शातिर बदमाश गिरफ्तार, 8 मोबाइल जब्त

**कैलादेवी/करौली,** (निंसं.)। कैलादेवी थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश के 4 शातिर बदमाशों को एक सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचाते गिरफ्तार कर उनके कब्जे से आठ मोबाइल जब्त किये हैं। कैलादेवी थाना अधिकारी निरंजन कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौलिया के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्ण चंद यादव के सुपर विजन में थानाधिकारी निरंजन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम प्यारेलाल सहायक उपनिरीक्षक, कास्टेबल शिव सिंह, घनश्याम, जतीश, हेमराज, हरसहाय ने अवैध वाहनों की चैकिंग व गश्त के दौरान एक सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचाने पर उत्तर प्रदेश के लोकेंद्र पुत्र जल सिंह जाटव 27, गोविंदा पुत्र राकेश जाटव 19, दिनेश पुत्र अवधेश जाटव 28, राजन पुत्र खेमा जाटव 40 सभी निवासी मलपुरा जिला आगरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8 मोबाइल जब्त किए हैं। थाना अधिकारी ने बताया की मोबाइलों का मालिकाना हक के दस्तावेज नहीं मिलने पर चोरी के होने का संदेह है जिसकी जांच की जा रही है।

# नाबालिग को भगा कर ले जाने एवं एससी/एसटी का मामला दर्ज होने से आक्रोशित लोगों का प्रदर्शन

## टायर जला कर किया रास्ता जाम, पुलिस, विधायक व सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**सुजानगढ़,** (निसं)। नाबालिग को भगा कर ले जाने तथा नाबालिग के परिजनों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने से आक्रोशित महिलाओं एवं पुरूषों ने सालासर रोड पर भौजलाई चौराहे और सरावगी पेट्रोल पम्प की बीच जाम लगा कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने सडक पर टायर जला कर करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया तथा पुलिस, विधायक व राज्य सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। सडक जाम होने से दोनो ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई तथा बसों एवं छोटी गाडियों में सवार लोगों को परेशानी का सामना करना पडा।

सालासर सडक जाम होने की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक रामप्रताप विश्नोई, कोतवाली सीआई सत्येन्द्र कुमार, सदर थाना सीआई मनोज कुमार मूण्ड मय जाप्ते के मौके पर पंहूचे। वृताधिकारी रामप्रताप विश्नोई ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाईश कर रास्ता खुलवाया तथा कांस्टेबलों को लगा कर रास्ते में जल रहे टायरों को सडक से दूर करवाया एवं पानी डाल कर बुझवाया। रास्ता खुलने पर वाहन चालकों व बसों में सवार सवारियों ने राहत की सांस ली तथा करीब एक घंटे की देरी से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। ज्ञात रहे कि नाबालिग के पिता ने कोतवाली थाने में मोहित रैगर व उसके परिवारजनों के खिलाफ उसकी नाबालिग पुत्री को 74 हजार रूपये नगद, एक अंगुठी, एक चैन, दो जोडी पायल एवं कागजात के साथ भगा कर ले जाने का आरोप लगाया है। पीडित ने रिपोर्ट में बताया है कि आरोपी मोहित विगत दो साल से उसकी पुत्री को फोटो वायरल करने के नाम पर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित कर रहा था। जिस पर नाबालिग ने अपनी दादी, मां व चाची को जानकारी दी। जिसके बाद 13 जून 2022 को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी गई थी।

इसी प्रकार एक नाबालिग ने रिपोर्ट दी है कि 18 जून 2022 की सुबह 10-11 बजे अमृता चौधरी, मंजू जाटणी, धापली, कालू प्रजापत, सेठी, कैलाश व उनकी औरतें, कैलाश की मां व आठ-दस रिश्तेदार मेरे घर की दीवार फांद कर मेरे घर में घूस कर तोड-फोड कर की तथा मेरे व मेरी दिव्यांग बहन के साथ मारपीट की, जातिसूचक गालियां निकाली और लज्जा भंग कर दी। पुलिस ने दोनो मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



सुजानगढ़ में प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाइश करते डीएसपी रामप्रताप विश्नोई।

■ पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है